**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय**
कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश–272202
ई–मेलः registrar@suksn.edu.in
वेबसाइटः www.suksn.edu.in
मोबाइल नम्बरः 6388907621

**SIDDHARTH UNIVERSITY**
Kapilvastu, Siddharth Nagar, U.P. 272202
E-Mail Id: registrar@suksn.edu.in
Website: www.suksn.edu.in
Mobile Number: 6388907621

पत्रांक 155 / कु0का0 / सि0वि0वि0 / 2025 दिनांक 16 / 05 / 2025

**सेवा में,**

**1. समस्त अधिष्ठातागण / विभागाध्यक्ष / प्रभारी विभागाध्यक्ष**
**विश्वविद्यालय परिसर।**

**2. प्राचार्य / प्रबधंक**
**समस्त सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय**
**जनपद–सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर एवं महराजगंज।**

**विषयः– सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2025–26 प्रवेश हेतु प्रक्रिया के सन्दर्भ में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0 894 / सत्तर–3–2025–1916147 दिनांक 08 अप्रैल, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासन से निर्देश प्राप्त हुआ है कि समस्त विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध एडमिशन मॉड्यूल के माध्यम से कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

तद्क्रम में मा0कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2025–26 में प्रवेश की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से समर्थ पोर्टल के माध्यम से **दिनांक 16.05.2025 से 30.06.2025** की अवधि में होगी। जिसकी प्रक्रिया निम्नवत् है–

**SURN पंजीकरण की प्रक्रिया–**

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय एवं समस्त सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश से पूर्व नीचे दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपना पंजीकरण (SURN) कराना अनिवार्य है। पंजीकरण शुल्क ₹100/– निर्धारित है।

1. सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://www.suksn.edu.in पर जायें।
2. वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक "Click here for Siddharth University Registration Number" पर क्लिक करें।
3. खुले हुए पेज के दाहिनी ओर स्थित "New Registration" पर क्लिक करके अपना लॉगिन आईडी (Login ID) बनाएं।
4. पंजीकरण ई–मेल आईडी के माध्यम से किया जाएगा, और एक ई–मेल आईडी से केवल एक ही पंजीकरण किया जा सकता है, जिसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा। इसलिए वैध (सही और सक्रिय) ई–मेल आईडी का ही उपयोग करें, क्योंकि ओटीपी (OTP) उसी ई–मेल पर भेजा जाएगा।
5. बनाए गए Login ID एवं पासवर्ड को नोट करके सुरक्षित रखें।
6. लॉगिन ID बनाने के बाद, पुनः उसी पेज पर जायें और ऊपर दाहिनी ओर "Login" पर क्लिक करें।
7. लॉग इन करने के बाद क्रमवार माँगी जा रही जानकारी (अपना पूर्ण विवरण, जैसे नाम, पिता का नाम, माता का नाम, ईमेल आदि) भरकर अपनी प्रोफाइल (Profile) को पूर्ण करें।
8. प्रोफाइल पूर्ण करने के बाद ₹100/– का भुगतान वेबसाइट पर दिए गए Payment Gateway के माध्यम से करें।
9. यदि खाते से राशि कट जाए लेकिन भुगतान सफल (Successful) न हो, तो 48 घंटे तक दुबारा भुगतान न करें।

Satyam.

10. भुगतान सफल होते ही आपका SURN नंबर जनरेट हो जाएगा, जिसे नोट करके सुरक्षित रखें।
11. आप अपने पंजीकरण (SURN) का प्रिंट Print Form पर क्लिक करके कभी भी प्राप्त कर सकते हैं।
12. यदि कोई अभ्यर्थी महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहता है, तो उसे पहले पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद उसे एक SURN नंबर प्राप्त होगा, जिसे महाविद्यालय में प्रस्तुत करने के बाद ही प्रवेश मिलेगा।

## SURN पंजीकरण के उपरांत Online Admission Form भरने की प्रक्रिया

पंजीकरण (SURN) के उपरांत जो अभ्यर्थी सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में प्रवेश के आकांक्षी हैं, उन्हें कार्यक्रम अनुसार (Programme Wise) ऑनलाइन आवेदन करना होगा एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। इसकी प्रक्रिया नीचे दी गयी है–

**विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में आवेदन की प्रक्रिया–**

1. Option–1 University Campus – Apply for Programmes पर क्लिक करें।
2. Programme Level जैसे स्नातक कार्यक्रमों (UG Programmes) के लिए Bachelor, परास्नातक कार्यक्रमों (PG Programmes) के लिए Master आदि का चयन करें।
3. इसके उपरांत Programme के अंतर्गत जिस पाठ्यक्रम में आवेदन करना है, उसका चयन करें।
4. इसके बाद Siddharth University का चयन करके Proceed पर क्लिक करें।
5. Academic Detail को पूर्ण करें तथा संबंधित कार्यक्रम के लिए अपनी Eligibility की जाँच अवश्य कर लें।
6. संबंधित Documents को Upload करें।
7. Online Admission Application Form का पूरा Preview देखें। यदि कोई त्रुटि दिखाई देती है तो जमा (Submit) करने से पहले उसे सही (Edit) करें।
8. जिस पाठ्यक्रम में आवेदन करना है, उसका निर्धारित Application Fee का Payment करें।
9. खाते से भुगतान कट जाने पर यदि भुगतान Successful न हो, तो 48 घंटे तक दोबारा भुगतान न करें।
10. प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद Online Admission Application Form जनरेट हो जाएगा, जिसका एक प्रिंट अवश्य रखें।
11. प्रत्येक अभ्यर्थी का एक ही SURN होगा। एक से अधिक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इसी SURN के माध्यम से वह प्रत्येक Programme के लिए अलग–अलग आवेदन करेगा।

उपरोक्त के आलोक में समस्त अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यगण से अनुरोध है कि पत्र में उल्लिखित प्रक्रिया अनुसार ही अपने विभाग/महाविद्यालय में प्रवेश ले SURN पंजीकरण के बिना किसी भी छात्र का प्रवेश वैध नही माना जायेगा।

साथ ही यह भी अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय में **प्रवेश–हेल्पडेस्क** अवश्य स्थापित करें जिससे छात्र प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी तरह की जानकारी को प्राप्त कर सके।

भवदीय
16/05/21
**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर**